कोठारी इंटरनेशनल स्कूल, नौएडा

मध्यावधि परीक्षा, सत्र-2025-26

कक्षा: 8, विषय: हिंदी

भाग-2 (साहित्य एवं लेखन),सेट- 'बी'

दिन व दिनांक: गुरुवार-सितंबर 18, 2025

अधिकतम अंक : 40 **समय सीमा: 2 घंटे**

नाम: ________________ **अनुक्रमांक: ________**

सामान्य निर्देश -

i) इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 4 तथा कुल 6 प्रश्न हैं |

ii) इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं-खंड क-'साहित्य' तथा खंड - ख 'लेखन'

iii) प्रश्न-1 के लिए 10 अंक जिसमें 4 उपप्रश्न हैं , प्रश्न-2- 9 अंक - 3 उपप्रश्न, प्रश्न-3 के लिए 6अंक-6 उपप्रश्न तथा प्रश्न 4, 5, 6 के लिए 5-5 अंक निर्धारित हैं |

iv) सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है |

v) उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न-पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ लीजिए|

खंड 'क' साहित्य **(25अंक)**

प्रश्न1) निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए- (2.5×4=10)

i) सुदामा कौन थे और वे किस कारण से द्वारिका गए थे? पाठ 'सुदामा चरित' के आधार पर उत्तर दीजिए- **(2.5)**

ii) कविता 'भगवान के डाकिए' में पक्षी और बादल को भगवान के संदेशवाहक क्यों कहा गया है? स्पष्ट कीजिए| **(2.5)**

iii) 'मनुवाँ तो दहूँ दिसि फिरै यह तो सुमिरन नाहिं'| 'कबीर की साखियाँ' से ली गई इस पंक्ति का आशय अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए | **(2.5)**

iv) लोगों ने सलाह दी कि समझदार आदमी इस शाम वाली बस से सफ़र नहीं करते, क्यों? पाठ 'बस की यात्रा' के आधार पर उत्तर दीजिए- **(2.5)**

v) कबीर दास जी अपशब्द के बदले अपशब्द बोलने से क्यों मना करते हैं? 'कबीर की साखियाँ' के आधार पर स्पष्ट कीजिए | **(2.5)**

vi) पाठ 'सुदामा चरित' में सुदामा की दीनदशा देखकर श्रीकृष्ण की क्या मनोदशा हुई? (2.5)

प्रश्न2) निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों में लिखिए- (3×3=9)

i) कबीर के दोहे सामाजिक समानता और ईमानदारी पर बल देते हैं। आपके अनुसार, अगर लोग इन शिक्षाओं को अपनाएँ, तो समाज में कौन-कौन से सकारात्मक बदलाव आ सकते हैं? तर्क सहित उत्तर दें। (3)

ii) समाज दिन - पर -दिन प्रगति कर रहा है परंतु इतनी प्रगति के बाद भी मनुष्य धर्म, जाति -पाँति , ऊँच - नीच के बंधनों से स्वयं को आज़ाद नहीं कर पाया | कविता 'भगवान के डाकिए' में दिया गया संदेश लोगों की सोच तथा समस्त समाज की सोच को बदलने में किस प्रकार सहायक होगा| अपने विचार लिखें| (3)

iii) सुदामा और कृष्ण की मित्रता निःस्वार्थ और सच्ची मानी जाती है। आज के समय में ऐसी मित्रता पाना क्यों कठिन हो गया है? अपने विचार और कारण विस्तार से लिखिए। (3)

iv) पाठ 'बस की यात्रा' के अंतिम भाग में लेखक तथा उनके सभी मित्रों ने सारी चिंता छोड़कर हँसी-मज़ाक करना शुरू कर दिया। आपके विचार में उन्होंने ऐसा क्यों किया होगा? क्या वे निश्चिंत थे कि बस उन्हें उनके गंतव्य तक पहुँचा देगी? स्पष्ट कीजिए। (3)

प्रश्न3) दिए गए पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए उचित विकल्प चुनकर लिखें - (1×6=6)

बदलू मनिहार था | चूड़ियाँ बनाना उसका पैतृक पेशा था और वास्तव में वह बहुत ही सुंदर चूड़ियाँ बनाता था| उसकी बनाई चूड़ियों की खपत भी बहुत थी| उस गाँव में तो सभी स्त्रियाँ उसकी बनाई चूड़ियाँ पहनती ही थीं आस - पास के गाँव के लोग भी उससे चूड़ियाँ ले जाते | परंतु वह कभी भी चूड़ियों को पैसे से न बेचता था| उसका अभी तक वस्तु विनिमय का तरीका था| लोग अनाज के बदले चूड़ियाँ ले जाते थे| बदलू स्वभाव से बहुत सीधा था| मैंने कभी भी उसे किसी से झगड़ते नहीं देखा | हाँ, शादी विवाह पर वह अवश्य ज़िद पकड़ जाता था| जीवन भर चाहे उससे कोई मुफ़्त चूड़ियाँ ले जाए परंतु विवाह के अवसर पर वह सारी कसर निकाल लेता था|

i) **बदलू का पैतृक धंधा क्या था ?** **(1)**

क) काँच की चूड़ियाँ बनाना

ख) प्लास्टिक की चूड़ियाँ खरीदना

ग) लाख की चूड़ियाँ बनाना

घ) खेतीबाड़ी करना

ii) **वह चूड़ियाँ कैसे बेचता था ?** **(1)**

क) अनाज लेकर

ख) वस्तु लेकर

ग) पैसे लेकर

घ) पुराना बर्तन लेकर

iii) **उसकी बनाई चूड़ियों की खपत कहाँ होती थी ?** **(1)**

क) शहरों में

ख) कस्बों में

ग) आस-पास के गांवों में

घ) दूसरे शहरों में

iv) **नीचे दिए गए कथन - कारण के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए -** **(1)**

कथन - मशीनी युग के आने से बदलू का लाख की चूड़ियाँ बनाने का काम बढ़ गया|

कारण - अब सभी स्त्रियाँ काँच की चूड़ियाँ पहनने लगीं |

क) कथन और कारण दोनों गलत हैं |

ख) कथन गलत है लेकिन कारण सही हैं|

ग) कथन सत्य है लेकिन कारण उसकी गलत व्याख्या करता है|

घ) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है

v) **बदलू कौन था ?** **(1)**

क) एक बढ़ई

ख) एक मनिहार

ग) एक लुहार

घ) एक सुनार

vi) **शादी विवाह के अवसर पर बदलू किस बात के लिए ज़िद पकड़ता था ?** **(1)**

क) वस्तुएँ प्राप्त करने के लिए

ख) चूड़ियाँ देने के लिए

ग) मुफ़्त चूड़ियाँ देने के लिए

घ) अधिक पैसे लेने के लिए

खंड - ख 'लेखन' (15अंक)

प्रश्न4) प्रस्तुत चित्र का वर्णन 7-8 पंक्तियों में कीजिए- (5)



प्रश्न5) दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए- (5)

अपने मित्र को जिसे आपने अपने अशिष्ट एवं अपमानजनक व्यवहार से ठेस पँहुचाई उससे क्षमा माँगते हुए एक पत्र लिखिए -

अथवा

हाल ही में आपने एक नई पुस्तक पढ़ी उसी के विषय में अपने विचार साझा करते हुए अपनी बड़ी बहन को पत्र लिखिए -

प्रश्न6) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 70-80 शब्दों में लिखिए- (5)

'पर्यावरण की सुरक्षा : हमारी सुरक्षा' अनुच्छेद लिखिए-

अथवा

'बादल' की आत्मकथा लिखें -